प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- रांची समेत देशभर में सैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन, प्रधानमंत्री ने वितरित किये 51 हजार से अधिक युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र, कहा–देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी।
- पहलगाम हमले के आतंकवादियों की तलाश तेज, झारखंड एटीएस ने धनबाद और कोडरमा में की छापेमारी, एक महिला समेत चार को लिया हिरासत में, दो पिस्तौल और 12 कारतूस समेत कई सामग्री जब्त।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए जारी किया परामर्श, सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की दी सलाह।
- झारखंड की सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया–ए से तीन के मुकाबले पांच गोल से हारी।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। श्री मोदी ने इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन बाद ही मुम्बई में आयोजित होनेवाला वेव्स समिट एआई और इमर्जिंग मीडिया के क्षेत्र में युवाओं को एक मंच प्रदान करेगा।

********************

प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला राजधानी रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित दो सौ साठ अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री सेठ ने कहा कि नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों का लक्ष्य सिर्फ नौकरी करना नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए।

********************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना को लेकर झारखंड एटीएस की टीम ने आज धनबाद के वासेपुर, पांडरपाला, आज़ाद नगर, अमन सोसाइटी और भूली के ए ब्लाक में छापेमारी की। इस दौरान एक महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। एटीएस ने इनके पास से दो पिस्तौल और 12 कारतूस, लैपटाप, स्मार्टफोन, डायरी और कई अन्य सामान भी जब्त किए हैं।

उधर एटीएस की टीम ने कोडरमा सदर थानाक्षेत्र के दर्जीचक मोहल्ला से शहजाद नामक युवक को हिरासत में लिया है। युवक धनाबाद रहनेवाले है।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित स्रोत आधारित सूचना पर रिपोर्टिंग करने से भी दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा देश विरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है और अभियानों के प्रभाव और सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि करगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमलों तथा कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया था।

********************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर मंत्री हफीजुल हसन पर हमला बोला है। श्री मरांडी ने दुमका में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्री हफीजुल हसन और आतंकियों में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकी गोली से मारते हैं और हफीजुल हसन बोली से। श्री मरांडी ने सरकार से श्री अंसारी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी ने आज सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में उद्यान सह ओपन जिम का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौ पर न्यायाधीश ने बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाल सुधार गृह में एक किशोरन की मौत मामले की जांच की जा रही है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में उद्यमिता पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के कारण एमएसएमई इकाइयों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

********************

झारखंड की सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले मैच में आज संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया–ए से तीन के मुकाबले पांच गोल से हार गई। पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मैच में भारतीय टीम की ओर से सलीमा टेटे, नवनीत कौर और लालरेमसियामी ने एक–एक गोल किये।

********************

संक्षिप्त खबरें

- जामताड़ा पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 20 मोबाइल, 34 फर्जी सिम, 02 एटीएम, 01 पासबुक, 03 पैन कार्ड, 02 आधार कार्ड और 02 वोटर कार्ड बरामद किए गए हैं।
- खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बेंचों का गठन किया गया।

********************

राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है और लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। डाल्टनगंज, जमशेदपुर, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो और गोड्डा जैसे जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार दो मई तक कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। विभाग ने 30 अप्रैल तक राज्य में आंधी, वज्रपात और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। कल राज्य के उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में ओलावृष्टि की भी आशंका है।

*******समाप्त*******